आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 31.10.2025
समय 0720

मुख्य समाचार :–

- आज देश लौह पुरूष सरदार वल्लभाई पटेल की 150वीं जयंती मना रहा है। इस अवसर पर देशभर में 'एकता दौड़' का आयोजन।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में हिस्सा लेंगे।
- न्यायमूर्ति सूर्यकांत भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश नियुक्त। 24 नवंबर को संभालेंगे कार्यभार।
- आईसीसी महिला विश्व कप के सेमीफाइनल मुक़ाबले में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

लौह पुरूष सरदार वल्लभाई पटेल

आज देश लौह पुरूष सरदार वल्लभाई पटेल 150वीं जयंती मना रहा है। उनकी जयंती पर आज देशभर में 'एकता दौड़' का आयोजन किया जा रहा है। पेश है एक रिपोर्ट–––

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में हिस्सा लेंगे और सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

इस अवसर पर देवभूमि उत्तराखंड में भी एकता दौड़ सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राजधानी देहरादून में खेल मंत्री रेखा आर्या के नेतृत्व में अब से कुछ देर में पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा।

उर्वरक सब्सिडी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रबी सीजन 2025–26 के लिए फॉस्फेटिक और पोटाशिक खादों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरों से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

रुद्रपुर स्थित इफको के क्षेत्राधिकारी ऋषभ शाह ने कहा कि किसानों के बीच उर्वरकों की कीमतों में वृद्धि को लेकर जो भ्रांतियां थीं, वे अब दूर हो गई हैं।

प्रगतिशील किसान कुँवर पाल सिंह ने मंत्रिमंडल के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि पिछली फसलों में खाद की कमी के कारण उत्पादन में गिरावट आई थी। उन्होंने कहा कि सरकार के इस निर्णय से खाद की उपलब्धता बढ़ेगी, जिससे उत्पादन में वृद्धि होगी और किसान खुशहाल होगा।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत

न्यायमूर्ति सूर्यकांत भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे। विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सोशल मीडिया पोस्ट में उन्हें बधाई दी है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत को अगला मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति 24 नवम्बर से प्रभावी होगी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत देश के 53वें मुख्य न्यायाधीश होंगे। वे मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल 23 नवम्बर को समाप्त हो जाएगा।

जय गोलू महोत्सव

अल्मोड़ा के मल्ला महल में सात दिवसीय 'जय गोलू महोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। कल से शुरू हुआ यह महोत्सव 5 नवंबर तक चलेगा। महोत्सव के आयोजक प्रकाश बिष्ट ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य उत्तराखंड की संस्कृति को देशभर में पहचान दिलाना है। उन्होंने बताया कि सात दिवसीय महोत्सव में उत्तराखंड, जम्मू, हरियाणा, पंजाब, पश्चिम बंगाल और राजस्थान की सांस्कृतिक टीमें प्रतिभाग कर रही हैं।

क्रिकेट

आईसीसी महिला विश्व कप के सेमीफाइनल मुक़ाबले में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व वाली भारतीय टीम ने आईसीसी महिला वनडे वर्ल्ड कप के दूसरे सेमीफाइनल में कंगारू टीम को 9 गेंदें शेष रहते पांच विकेट से मात दी।

नवी मुंबई के डीवाय पाटिल स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और पूरी टीम 49.5 ओवर में 338 रन बनाकर ऑलआउट हुई। जवाब में भारत ने 48.3 ओवर में पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया।

रेड रन मैराथन 3.0

चमोली जिले के लुन्तरा गांव की बेटी अनीशा ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित रेड रन मैराथन में देशभर के प्रतिभाशाली धावकों को पछाड़ते हुए महिला वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया।

उनके इस शानदार प्रदर्शन पर नाको के अपर सचिव एवं महानिदेशक द्वारा उन्हें भारत सरकार की ओर से 50,000 रुपये की धनराशि, प्रशस्ति पत्र और स्वर्ण पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

यह प्रतियोगिता स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन की ओर से नागालैण्ड के दीमापुर में आयोजित की गई। इस मैराथन में देश के 35 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से आए सैकड़ों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

आकाशवाणी संगीत सम्मेलन

प्रसार भारती, संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से 67वें आकाशवाणी संगीत सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। 2 नवम्बर से 29 नवम्बर तक देशभर के 24 आकाशवाणी केंद्रों में इसका आयोजन होगा। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने एक वक्तव्य में कहा है कि 1954 में शुरूआत के बाद से आकाशवाणी संगीत सम्मेलन सांस्कृतिक परम्परा का निर्वहन करने वाला देश का सर्वाधिक सम्मानित संगीत कार्यक्रम है।

प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने बताया कि कोविड महामारी की वजह से आए संक्षिप्त व्यवधान के बाद यह महान संगीत उत्सव नई ऊर्जा के साथ अब फिर शुरू हो रहा है।